अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर सही (✔) का निशान लगाइए–

(क) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं–

विशेषण ◯ क्रिया ◯ अविकारी शब्द ◯

(ख) विशेषण के भेद होते हैं–

पाँच ◯ चार ◯ छह ◯

(ग) संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द कहलाते हैं–

गुणवाचक विशेषण ◯ संख्यावाचक विशेषण ◯ परिमाणवाचक विशेषण ◯

(घ) 'योग्यतर' शब्द विशेषण की ______ है।

मूलावस्था ◯ उत्तरावस्था ◯ उत्तमावस्था ◯

2. सही वाक्यों के सामने सही (✔) तथा गलत वाक्यों के सामने गलत (✘) का निशान लगाइए–

(क) विशेषण शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उसे विशेष्य कहते हैं। ▭

(ख) गुण–दोष आदि का बोध कराने वाले संज्ञा या सर्वनाम शब्द गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। ▭

(ग) संख्यावाचक विशेषण तीन प्रकार के होते हैं। ▭

(घ) विशेषण के रूप में परिवर्तन कारक के कारण भी होता है। ▭

(ङ) विशेषणों की उत्तमावस्था में तर का प्रयोग किया जाता है। ▭

3. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

अनिश्चित कारक उत्तमावस्था प्रविशेषण माप–तौल

(क) विशेषण शब्दों के रूप परिवर्तन लिंग, वचन तथा ______ के प्रभाव के कारण भी होते हैं।

(ख) विशेषणों का प्रयोग मूलावस्था, उत्तरावस्था तथा ______ में होता है।

(ग) ______ संख्यावाचक विशेषण में निश्चित संख्या का पता नहीं चलता।

(घ) परिमाणवाचक विशेषण शब्द मात्रा या ______ का बोध कराते हैं।

(ङ) ______ शब्द विशेषणों की विशेषता बताते हैं।

4. निम्नलिखित वाक्यों में प्रविशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए–

(क) महिमा काफी छोटी है।

(ख) यह पुल बहुत लंबा है।

(ग) कुआँ ज़्यादा गहरा है।

(घ) महेश अधिक चालाक है।

(ङ) वहाँ का दृश्य अत्यधिक सुंदर है।